**NEWS CLIPPING: 26.03.2020**

## PUNJAB KESARI

# जेसी बोस विश्वविद्यालय के शिक्षक और कर्मचारी देंगे अपनी सैलरी का 10 प्रतिशत

## कोरोना से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए देंगे योगदान

फरीदाबाद, 26 मार्च (पूजा शर्मा): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के शैक्षणिक तथा गैर शैक्षणिक कर्मचारियों ने हरियाणा सरकार द्वारा स्थापित 'हरियाणा कोविड-19 रिलीफ फंड' के लिए अपने 10 प्रतिशत वेतन का योगदान देने का निर्णय लिया है। राज्य सरकार द्वारा फंड की स्थापना कोरोनावायरस के प्रकोप से प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से की गई है।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने देश में कोरोनावायरस बढ़ रहे संक्रमण पर गहरी चिंता व्यक्त की तथा विश्वविद्यालय के कर्मचारियों द्वारा कोरोनावायरस के प्रकोप से बचाव में मदद करने के लिए स्वैच्छिक योगदान देने के प्रयासों की सराहना की है। उन्होंने समाज के समक्ष लोगों से भी कोरोना से राहत के लिए योगदान देने का आह्वान किया है। कुलपति ने कहा है कि विश्वविद्यालय लॉकडाउन अवधि के दौरान अपने अनुबंधित एवं आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन में कोई कटौती नहीं करेगा।

### एमबीए की प्रवेश परीक्षा स्थगित

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत अपने मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) प्रोग्राम में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल, 2020 तक बढ़ा दी है और अगले आदेश तक प्रवेश परीक्षा स्थगित कर दी है। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय ने अपने शैक्षिक सत्र 2020-21 के लिए एमबीए में दाखिले के लिए राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है। अब यह परीक्षा कोविड-19 महामारी के कारण उत्पन्न मौजूदा स्थिति के सामान्य होने के बाद ही आयोजित की जाएगी।

पंजाब केसरी ई-पेपर Thu, 26 March 2020 https://epaper.punjabkesari.in/c/

**NEWS CLIPPING: 26.03.2020**

**NAVBHARAT TIMES**

# MBA की प्रवेश परीक्षा स्थगित, अब 30 अप्रैल तक कर सकते हैं आवेदन

## जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने लिया फैसला

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद**

**जेसी बोस** (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी ने कोरोना की वजह से मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) प्रोग्राम में दाखिले के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा स्थगित कर दी है। साथ ही परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तारीख को भी बढ़ाकर 30 अप्रैल कर दिया गया है।

**परीक्षा 5 अप्रैल को होनी थी**

एमबीए में दाखिले के लिए राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा आयोजित करने का फैसला लिया गया था। इसके तहत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके लिए आवेदन की अंतिम तारीख 30 मार्च तय की गई थी। वहीं, परीक्षा 5 अप्रैल को होनी थी। कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप के चलते सरकार ने देश को लॉकडाउन कर दिया है। ऐसे में यूनिवर्सिटी ने परीक्षा को स्थगित कर दिया गया है। स्थिति सामान्य होने पर यूनिवर्सिटी की तरफ से परीक्षा की नई तारीख घोषित की जाएगी। यूनिवर्सिटी में एमबीए के 2 कोर्स हैं व प्रत्येक कोर्स में 60 सीटें हैं। पहला कोर्स फाइनेंस मैनेजमेंट, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट व मार्केटिंग मैनेजमेंट में विशेषज्ञता का है। वहीं, दूसरा कोर्स रीटेल प्रबंधन, फाइनेंस मैनेजमेंट, इंटरनैशनल ट्रेड मैनेजमेंट व मार्केटिंग मैनेजमेंट में विशेषज्ञता के साथ है। प्रवेश परीक्षा पास करने के बाद उम्मीदवारों को ग्रुप डिस्कशन व पर्सनल इंटरव्यू क्लियर करना होगा। दाखिले के लिए 70 प्रतिशत अंक लिखित परीक्षा में आने अनिवार्य हैं। इसके अलावा ग्रुप डिस्कशन के लिए 20 प्रतिशत व इंटरव्यू के लिए 10 प्रतिशत अंक होंगे। किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से 50 प्रतिशत के साथ ग्रैजुएशन होना जरूरी है। अनुसूचित जाति व जनजाति के मामले में 45 प्रतिशत अंक होने चाहिए। यूनिवर्सिटी में प्रबंधन अध्ययन विभाग के अध्यक्ष डॉ. आशुतोष निगम के अनुसार कोरोना वायरस के चलते उत्पन्न मौजूदा स्थिति के सामान्य होने के बाद ही परीक्षा आयोजित की जाएगी।

**NEWS CLIPPING: 26.03.2020**

## DAINIK SAVERATIMES

# कोरोना से राहत के लिए जे.सी. बोस विश्वविद्यालय के शिक्षक और कर्मचारी देंगे 10 प्रतिशत सैलरी

बल्लभगढ़, 25 मार्च (संदीप पराशर) : जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के शैक्षणकि तथा गैर शैक्षणकि कर्मचारियों ने हरियाणा सरकार द्वारा स्थापित 'हरियाणा कोविड-19 रिलीफ फंड' के लिए अपने 10 प्रतिशत वेतन का योगदान देने का निर्णय लिया है। राज्य सरकार द्वारा फंड की स्थापना कोरोनावायरस के प्रकोप से प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से की गई है।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने देश में कोरोनावायरस बढ़ रहे संक्रमण पर गहरी चिंता व्यक्त की तथा विश्वविद्यालय के कर्मचारियों द्वारा कोरोनावायरस के प्रकोप से बचाव में मदद करने के लिए स्वैच्छिक योगदान देने के प्रयासों की सराहना की है। उन्होंने समाज के समक्ष लोगों से भी कोरोना से राहत के लिए योगदान देने का आह्वान किया है।

दैनिक सवेरा TV
Thu, 26 Marc
epaper.daini

**NEWS CLIPPING: 26.03.2020**

## DAINIK SAVERATIMES

# एमबीए की प्रवेश परीक्षा स्थगित, आवेदन की तिथि बढ़ाई

बल्लभगढ़, 25 मार्च (संदीप पराशर)। जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत अपने मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) प्रोग्राम में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल, 2020 तक बढ़ा दी है और अगले आदेश तक प्रवेश परीक्षा स्थगित कर दी है

उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय ने अपने शैक्षिक सत्र 2020-21 के लिए एमबीए में दाखिले के लिए राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है। अब यह परीक्षा कोविड-19 महामारी के कारण उत्पन्न मौजूदा स्थिति के सामान्य होने के बाद ही आयोजित की जाएगी।

दैनिक सवेरा
Thu, 26 March 2020
epaper.dainiksaveratimes.org/c/50

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 26.03.2020**

**NAVBHARAT TIMES**

# शिक्षक व कर्मचारी देंगे 10% सैलरी

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद**

जेसी बोस (वाईएमसीए) साइंस एंड टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी के शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कर्मचारियों ने हरियाणा कोविड-19 रिलीफ फंड के लिए अपने 10 प्रतिशत वेतन का योगदान देने का निर्णय लिया है। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने कोरोना वायरस के बढ़ रहे संक्रमण पर गहरी चिंता व्यक्त की। कुलपति ने कहा है कि यूनिवर्सिटी लॉकडाउन अवधि के दौरान अपने अनुबंधित व आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन में कोई कटौती नहीं करेगा। उन्होंने यूनिवर्सिटी के कर्मचारियों से भी अपील की है कि वे अपने घरेलू नौकर, कार क्लीनर व उनके लिए काम कर रहे अन्य लोगों की मजदूरी में किसी तरह की कटौती न करें बल्कि इस मुश्किल समय में उनको जरूरी वस्तुएं देकर उनकी मदद करें।

# J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**

**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**

**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 26.03.2020**

**DAINIK JAGRAN**

## एमवीए की प्रवेश परीक्षा स्थगित

फरीदाबाद : जेसी बोस विश्वविद्यालय ने कोविड-19 महामारी के चलते एमबीए में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल कर दी है। इससे पहले अंतिम तिथि 30 मार्च थी। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय ने अपने शैक्षिक सत्र 2020-21 के लिए एमबीए में दाखिले के लिए राज्यस्तरीय प्रवेश परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है। अब यह परीक्षा कोविड-19 महामारी के कारण उत्पन्न मौजूदा स्थिति के सामान्य होने के बाद ही आयोजित की जाएगी। (जासं)